**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 22.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 22.08.2025

# 50 प्रतिशत से कम धनराशि जमा करने वालों की दुकानें होंगी निरस्त

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** वीडीए में बृहस्पतिवार को दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (डीएडीएफ) की 21वीं बोर्ड की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि 50 प्रतिशत से कम धनराशि जमा करने वाली दुकानों को निरस्त कर फिर से नीलामी में शामिल किया जाए। प्रत्येक दुकान के सामने क्यूआर कोड चस्पा किया जाए। जिससे भुगतान की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी हो सके।

स्मार्ट सिटी के निदेशक व नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि दशाश्वमेध प्लाजा में किड्स गेम संचालन के लिए वाह्य स्थान की नीलामी होगी। डीएडीएफ परिसर में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की जाएगी। यहां स्वास्थ्य इकाई (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के लिए दुकान का आवंटन किया जाएगा। डीएडीएफ परिसर एवं चितरंजन पार्क में स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुंदरीकरण (फसाड एवं साइनेज) कार्य कराए जाएंगे। प्लाजा के ऊपरी तल पर स्थित ओपन एरिया रेस्टोरेंट के लिए आरएफपी की पुनर्समीक्षा की जाएगी। प्लाजा में डिजिटल बोर्ड की स्थापना की जाएगी। परिसर के खाली स्थानों को स्टाल/प्रदर्शनी/कैनोपी के लिए किराये पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## अमर उजाला–दि0 22.08.2025

# वीडीए ने खनाव में ध्वस्त कराई अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को खनाव में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। नगवां वार्ड के खनाव पानी टंकी के सामने अज्ञात की ओर से तीन बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। ध्वस्तीकरण का आदेश पारित हो चुका था। वीडीए ने प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। जोनल अधिकारी संजीव कुमार की देखरेख में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 22.08.2025

### चौराहे से हटाएं विद्युत पोल

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को फुलवरिया चौराहे और जेपी मेहता चौराहे का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि जेपी मेहता चौराहा पर विद्युत पोल को हटाकर बाउंड्रीवाल के अंदर पैनल स्थापित किया जाए। लोक निर्माण विभाग और यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर जेपी मेहता चौराहे पर ट्रायल जल्द शुरू कराने के लिए पत्राचार किया जाए। नाली निर्माण कार्य को पूरा कर प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण कार्य भी पूरा कराएं। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 22.08.2025

### जेपी मेहता चौराहे पर पीडब्ल्यूडी करेगा ट्रायल

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** जेपी मेहता चौराहे पर लोक निर्माण और यातायात विभाग मिलकर निर्माण कार्य के लिए ट्रायल करेगा। इसके बाद चौराहे पर निर्माण होगा। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को जेपी मेहता चौराहे का निरीक्षण करने के बाद उक्त निर्देश दिए। वीडीए उपाध्यक्ष ने इस संबंध में दोनों विभागों को पत्र भेजने का निर्देश दिया ताकि उन्हें ट्रायल की जानकारी समय से प्राप्त हो सके। साथ ही जेपी मेहता चौराहा पर वर्तमान में स्थापित विद्युत पोल को हटाकर बाउंड्रीवाल के अंदर विद्युत पैनल स्थापित करने का निर्देश दिया। कहा नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कर प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण कार्य भी तत्काल पूर्ण कराया जाए। फुलवरिया चौराहा पर फुटपाथ पर हो रही अनधिकृत पार्किंग की समस्या से अवगत कराया गया। इसके समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए।

## दैनिक जागरण–दि0 22.08.2025

### दशाश्वमेध की 50 फीसद से कम कीमत देने वाली दुकानें होंगी निरस्त

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष कार्यालय में दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (डीएडीएफ) की बैठक गुरुवार को हुई। इसमें उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आदेश दिया कि 50 प्रतिशत से कम धनराशि जमा करने वाली दुकानों को निरस्त कर पुनः नीलामी में शामिल किया जाय। प्रत्येक दुकान के सामने क्यूआर कोड चस्पा किया जाए जिससे भुगतान की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी हो सके। उपाध्यक्ष ने दशाश्वमेध प्लाजा में किड्स गेम संचालन के लिए बाह्य स्थान की नीलामी करने का आदेश दिया। इसी प्रकार प्लाजा परिसर में सोलर रूफटाप संयंत्र की स्थापना, स्वास्थ्य इकाई के लिए दुकान आवंटन, फसाड एवं साइनेंज, ऊपरी तल पर स्थित ओपन एरिया रेस्टोरेंट के लिए पुनर्समीक्षा करने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर के रिक्त स्थानों को स्टाल, प्रदर्शनी, कैनोपी आदि के लिए किराए पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, नोडल अधिकारी आनंद कुमार तिवारी, संदीप कुमार, नमिता उज्वल, डीके मित्तल, दुर्गेश वर्मा, सुफियान अंसारी, आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 22.08.2025

### दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन की 21वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष कार्यालय में दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन DADF की 21वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, DADF पुलकित गर्ग द्वारा की गई। बैठक में अक्षत वर्मा, निदेशक (नगर आयुक्त, नगर निगम वाराणसी) (सी.ई.ओ. / निदेशक वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड) उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में गत बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा तृतीय स्थगित वार्षिक आम बैठक के आह्वान एवं कंपनी के सामान्य कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

## न्यायाधीश–दि0 22.08.2025

### वाविप्रा जोन-4 ( वार्ड-नगवाँ / भेलूपुर ) के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी । उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 (वार्ड-नगवाँ / भेलूपुर) के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।जोन-4 (वार्ड-नगवाँ / भेलूपुर) के अंतर्गत अज्ञात द्वारा ग्राम खनाव, पानी टंकी के सामने, वार्ड-नगवॉ, जिला-वाराणसी में प्राधिकरण से बिना अनुमति के किये जा रहे लगभग 03 बीघे की अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 05.11.2024 को पारित किया गया था। उक्त पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में आज दिनांक 21/08/2025 को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम तथा पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता आदर्श निराला प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

## न्यायाधीश–दि0 22.08.2025

### उपाध्यक्ष वाविप्रा ने किया फुलवरिया एवं जे.पी. मेहता चौराहों का निरीक्षण



वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा फुलवरिया चौराहा एवं जे.पी. मेहता चौराहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निमनलिखित निर्देश दिये गये-जे.पी. मेहता चौराहा पर वर्तमान में स्थापित विद्युत पोल को हटाकर बाउण्ड्रीवाल के अन्दर विद्युत पैनल स्थापित किया जाए।लोक निर्माण विभाग एवं यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर जे.पी. मेहता चौराहा पर ट्रायल कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु सम्बन्धित विभाग को पत्राचार किया जाए, जिससे उन्हें ट्रायल की जानकारी समय से प्राप्त हो सके।नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कर प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण कार्य भी तत्काल पूर्ण कराया जाए।फुलवरिया चौराहा पर फुटपाथ पर हो रही अनाधिकृत पार्किंग की समस्या से अवगत कराया गया। इसके समाधान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए निर्देश दिये गये।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 22.08.2025

# वीडीए में दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन की 21वीं बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न

## वीसी पुलकित गर्ग व नगर आयुक्त/निदेशक अक्षत वर्मा रहे मौजूद

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कार्यालय में दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (DADF) की 21वीं बोर्ड बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष वीडीए एवं अध्यक्ष, DADF पुलकित गर्ग द्वारा की गई।

बैठक में अक्षत वर्मा, निदेशक (नगर आयुक्त, नगर निगम वाराणसी) (सी.ई.ओ. / निदेशक वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड) उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में गत बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा तृतीय स्थगित वार्षिक आम बैठक के आह्वान एवं कंपनी के सामान्य कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही कई विषयों पर विचार-विमर्श उपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमें दशाश्वमेध प्लाजा में किड्स गेम संचालन हेतु बाह्य स्थान की नीलामी। DADF परिसर में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना, स्वास्थ्य इकाई हेतु दुकान का आवंटन, प्लाजा के ऊपरी तल पर स्थित ओपन एरिया रेस्टोरेंट हेतु आरएफपी की पुनर्समीक्षा, प्लाजा में डिजिटल बोर्ड की स्थापना, परिसर के रिक्त स्थानों को स्टाल/प्रदर्शनी/कैनोपी हेतु किराए पर उपलब्ध कराना व DADF परिसर एवं चितरंजन पार्क में स्वच्छता, सुरक्षा एवं सौन्दर्यीकरण (फसाड एवं साइनेंज) कार्य। उपाध्यक्ष वीडीए द्वारा निर्देशित किया गया कि 50 प्रतिशत से कम धनराशि जमा करने वाली दुकानों को निरस्त कर पुन: नीलामी में सम्मिलित किया जाए तथा प्रत्येक दुकान के सामने QR Code चस्पा किया जाए जिससे भुगतान की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी हो सके। बैठक में आनंद कुमार तिवारी (नोडल अधिकारी, DADF), संदीप कुमार (मुख्य प्र.व. वित्त एवं लेखा, VSCL ), नमिता उज्वल (कंपनी सचिव एवं सलाहकार, DADF), डी.के. मित्तल (चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं सलाहकार, DADF), दुर्गेश वर्मा (प्रबंधक, DADF) तथा सुफियान अंसारी (उप-प्रबंधक, DADF), आशुतोष मिश्रा उपस्थित रहे।



बोर्ड बैठक में मौजूद वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व नगर आयुक्त/ निदेशक अक्षत वर्मा सहित अन्य

## परफेक्ट मिशन–दि0 22.08.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने फुलवरिया, जेपी मेहता चौराहा का किया निरीक्षण



**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा फुलवरिया चौराहा एवं जे.पी. मेहता चौराहा का गुरुवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि जे.पी. मेहता चौराहा पर वर्तमान में स्थापित विद्युत पोल को हटाकर बाउण्ड्रीवाल के अन्दर विद्युत पैनल स्थापित किया जाए। लोक निर्माण विभाग एवं यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर जे.पी. मेहता चौराहा पर ट्रायल कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु सम्बन्धित विभाग को पत्राचार किया जाए, जिससे उन्हें ट्रायल की जानकारी समय से प्राप्त हो सके।

नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कर प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण कार्य भी तत्काल पूर्ण कराया जाए।फुलवरिया चौराहा पर फुटपाथ पर हो रही अनाधिकृत पार्किंग की समस्या से अवगत कराया गया। इसके समाधान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए निर्देश दिये गये।